लोकतेज
epaper.loktej.com
21 Dec 2022 - Page 3

# भारत गुजरात के लिए गर्व का विषय,सूरत स्थित एसटीपीएल कंपनी की दो सिद्धियाँ

लोकतेज संवाददाता

सूरत। सूरत शहर के हीरा उद्योग और गुजरात राज्य एवं पूरे देश के लिए सूरत के नाम दो ऐतिहासिक गौरवशाली सीमाचिन्ह लिखे गए हैं। डायमंड प्रोसेसिंग सोल्युशन्स के लिए विश्व अग्रणी एसटीपीएल के नाम ये गौरवशाली अवॉर्डस दर्ज किये गए हैं।

एसटीपीएल कंपनी के आरएन्डडी प्रमुख मुंजाल गज्जर को एक विश्व प्रसिद्ध प्रकाशन द्वारा फोटोनिक्स उद्योग में शीर्ष 100 सबसे नवीन लोगों में नामित किया गया है। प्रकाशन समूह इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स यूरोप और दुनिया भर में फोटोनिक्स उद्योग से संबंधित विश्वसनीय और सटीक जानकारी और विश्लेषण प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध है। पत्रिका द फोटोनिक्स 100 नामक एक वार्षिक सूची प्रकाशित की जाती है, जिसमें दुनिया के केवल 100 व्यक्तियों को रैंक किया जाता है जिन्होंने विश्व स्तर पर उत्कृष्ट और महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

फोटोनिक्स प्रकाश किरणों की भौतिकी की शाखा है। विभिन्न प्रकार के जीवन अनुप्रयोगों में प्रकाश और विशेष रूप से लेजर बीम का उपयोग करने के विज्ञान और उद्योग में फोटोनिक्स एक बहुत ही महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यहां गर्व की बात यह है कि मुंजाल हमारे पक्के सुरती हैं और एक मूल गुजराती व्यक्ति हैं जो अब दुनिया के 100 सबसे इनोवेटिव लोगों में से एक हैं।




एसटीपीएल कंपनी के मुंजाल गज्जर ने फोटोनिक्स, विशेष रूप से लेजर टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नवीन संशोधन के माध्यम से देश के संपूर्ण हीरा उद्योग को बदलने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने उसी तकनीक का उपयोग करके भारत में मेडिकल स्टेंट के उत्पादन को सक्षम करने में विशेष रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, एक ऐसी पहल जिसने भारत को मेडिकल स्टेंट के उत्पादन में आत्मनिर्भर बना दिया है।

एक ओर उल्लेखनीय बात ये है की, एसटीपीएल को कन्फेडरशन ऑफ़ इंडियन इंडस्ट्रीज (सीआईआई) की 2022 की 50 सबसे नवीन कंपनियों की सूची में नामित किया गया है। एसटीपीएल कंपनी नए इनोवेशन और सोलूशन्स के जरिए हीरा उद्योग को लगातार नई गति दे रही है। लेजर टेक्नोलॉजी के अलावा, कंपनी ने अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और रोबोटिक्स आधारित डायमंड प्रोसेसिंग सोलूशन्स को भी विकसित किया है। यही कारण है कि कंपनी को इस प्रतिष्ठित सूची में गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त हुआ है। 1993 में स्थापित, एसटीपीएल हीरा उद्योग के लिए अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी सोल्यूशन्स विकसित कर रहा है। आज, एसटीपीएल वैश्विक हीरा उद्योग में एकमात्र कंपनी है जो हीरे के एनालिसिस और प्लानिंग से लेकर डायमंड कटिंग, ब्लॉकिंग करने और सेफ डायमंड के व्यापार तक सभी प्रक्रियाओं के लिए संपूर्ण टेक्नोलॉजी सोल्यूशन्स विकसित करती है। मेक ईन इन्डिया के बाद थ्री -डी प्रिंटर और लेजर आधारित धातु काटने और ट्यूब काटने वाली मशीनों की आवश्यकताओं को भी पूरा करता है।